कारक

01. नीचे लिखे वाक्यों से अव्ययों और कारक चिन्हा का अलग करें, कारक चिन्ह किस कारक के हैं, यह भी बताए-

(क) कहने की आवश्यकता नहीं कि ये आत्मपरक प्रगीत भी नाट्यध्मी लंबी कविताओं के सदृश ही यथार्थ को प्रतिध्वनित करते हैं।

(ख) इस दिशा में पुर्नविचार के लिए सच पूछिए तो मुझे सबसे पहले प्रेरणा स्वयं मुक्तिबोध के काव्य से ही मिली।

(ग) आज भी प्रगीत के रूप में प्राय: उसी कविता को स्वीकार किया जाता है जो नितांत वैयक्तिक और आत्मपरक हो ।

(घ) एक में प्रगीतात्मकता सीमित हुई तो दूसरे में प्रगीतात्मक के कुछ नए आयाम उद्घाटित हुए।

उत्तर: (क) **अव्यय** - भी, ही, कि

कारक चिन्ह - के, की (संबंध कारक), को (संप्रदान कारक)

(ख) **अव्यय** - तो, ही

कारक चिन्ह - में (अधिकरण कारक), के लिए (संप्रदान कारक), के (संबंध कारक), से (करण कारक)

(ग) **अव्यय** - भी, और

कारक चिन्ह - के (संबंध कारक), में (अधिकरण कारक), को (संप्रदान कारक)

(घ) **अव्यय** - तो

कारक चिन्ह - में (अधिकरण कारक), के (संबंध कारक)

02. दिए गए वाक्यों में कारक चिन्ह को रेखांकित करें, और वह किस कारक का चिन्ह है, यह भी बताएँ।

(क) थोड़ी देर में आ जाएँगे।

(ख) मैं कमरे के चारों तरफ देखने लगा।

(ग) हम बचपन से इकट्ठे खेले हैं।

(घ) तभी किसी ने किवाड़ खटखटाए।

(ड़) शाम को एक-दो घंटे फिर चक्कर लगाने के लिए जाते हैं।

(च) एक छोटे क्षण भर के लिए मैं स्तब्ध हो गया।

उत्तर: (क) में - अधिकरण कारक। (ख) के - संबंध कारक

(ग) से - करण कारक। (घ) ने - कर्ता कारक।

(ड़) को, के लिए - संप्रदान कारक।

(च) के लिए - संप्रदान कारक।

App पर फ्री
Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

01. हे प्रभु! मेरी इच्छा पूर्ण करो। यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है?

(a) सम्बन्ध कारक (b) अधिकरण कारक
(c) सम्बोधन कारक (d) अपादान कारक *Ans. (c)*

02. कारक के कितने भेद है?

(a) सात (b) आठ
(c) नौ (d) दस *Ans. (b)*

03. किस वाक्य में अपादान कारक है?

(a) राम ने रावण को तीर से मारा। (b) मोहन से अब सहा नहीं जाता।
(c) हिमालय से गंगा निकलती है। (d) चाकू से फल काटो। *Ans. (c)*

04. मेरी बहन से चला नहीं जाता। रेखांकित कारक का नाम बताइए-

(a) कर्त्ता कारक (b) करण कारक
(c) अपादान कारक (d) कंप्रदान कारक *Ans. (a)*

05. 'के लिए' किस कारक का चिह्न है?

(a) कर्म (b) सम्प्रदान
(c) सम्बन्ध (d) अपादान *Ans. (b)*

06. 'मेरे शहर से आपका शहर पाँच किलोमीटर दूर है।'' इस वाक्य में 'शहर' में कौन-सा कारक है?

(a) कर्म (b) सम्बन्ध
(c) अपादान (d) सम्बोधन *Ans. (c)*

07. श्याम पर बहुत कर्ज है। रेखांकित कारक का नाम बताएँ-

(a) अधिकरण कारक (b) कर्म कारक
(c) कर्त्ता कारक (d) संप्रदान कारक *Ans. (a)*

08. पेड़ से पत्ते गिरते हैं-इस वाक्य में 'से' किस कारक का चिह्न है?

(a) कर्म (b) करण
(c) अपादान (d) अधिकरण *Ans. (c)*

09. रीता को तेज बुखार है। रेखांकित कारक का नाम बताएँ-

(a) कर्म कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) सम्बन्ध कारक (d) कर्त्ता कारक *Ans. (d)*

10. 'राम घर से बाहर गया' -इस वाक्य में कौन सा कारक है?

(a) कर्त्ता (b) कर्म
(c) करण (d) अपादान *Ans. (d)*

Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board

11. राम अपने वर्ग में सबसे तेज है-इस वाक्य में 'में' किस कारक का चिह्न है?

(a) कर्म (b) करण

(c) अपादान (d) अधिकरण *Ans. (d)*

12. छात्रों ने आम नहीं खाया। रेखांकित कारक का नाम बताएँ-

(a) कर्त्ता कारक (b) कर्म कारक

(c) सम्बन्ध कारक (d) करण कारक *Ans. (b)*

13. ''खाट पर भाई साहब बैठे हैं।'' इस वाक्य में खाट' शब्द किस कारक में है?

(a) करण (b) सम्प्रदान

(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण *Ans. (d)*

14. 'भूखे को भोजन दो।' इस वाक्य मे 'को' कौन-सा कारक है?

(a) कर्म (b) करण

(c) सम्प्रदान (d) अपादान *Ans. (c)*

15. दादी बच्चों को बुला रही है। रेखांकित कारक का नाम बताएँ-

(a) कर्म कारक (b) कर्त्ता कारक

(c) संप्रदान कारक (d) अपादान कारक *Ans. (a)*

16. 'वृक्ष पर पक्षी बैठे हैं।' इस वाक्य में 'पर' कौन-सा कारक है?

(a) कर्म (b) सम्प्रदान

(c) अपादान (d) अधिकरण *Ans. (d)*

17. 'गरीबों को वस्त्र दो' वाक्य में कारक हैं-

(a) करण कारक (b) अपादान कारक

(c) सम्प्रदान कारक (d) कर्म कारक *Ans. (d)*

विशेषण

01. निम्नलिखित का विशेषण बनाये -

संज्ञा	विशेषण	संज्ञा	विशेषण
जल	जलीय	धर्म	धार्मिक
नमक	नमकीन	विलायत	विलायती
फौज	फौजी	किताब	किताबी
महता	महत्वपूर्ण	गरीबी	गरीब
स्नेह	स्नेही	प्रेम	प्रेमी
शक्ति	शक्तिशाली	कानून	कानूनी

App पर फ्री
Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board